प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वर्चुअली रायबरेली एम्स और गोरखपुर एम्स में सुविधाओं के विस्तार समेत मेरठ में सौ बेड के अस्पताल की रखेंगे आधारशिला।
2. प्रधानमंत्री कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक चयनित युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र : प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर में आयोजित किया जायेगा रोजगार मेला।
3. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 विद्यार्थियों को दिये पदक : 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की रखी आधारशिला।

और

4. अयोध्या में तीन दिवसीय दीपोत्सव का हुआ आगाज : 25 लाख से अधिक दीयों से 30 अक्टूबर को जगमग होंगे सरयू के घाट।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित 12 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई

परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास करेंगे। इसस रायबरेली, गोरखपुर और मेरठ लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट........

*श्री मोदी कल आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिये स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारम्भ करेंगे। इस योजना से साढ़े चार करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ नागरिकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री यू—बिन पोर्टल का शुभारम्भ करेंगे। यह पोर्टल टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ भी करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले का एम्स संस्थान भी शामिल है। श्री मोदी गोरखपुर के एम्स अस्पताल में कई सुविधाओं और मेरठ में 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सौ बेड वाले एक अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे। मेरठ में इस अस्पताल के बनने से जिले के 2 दो लाख 85 हजार बीमित कामगारों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। देशभर में 40 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। प्रदेश में रोजगार मेला लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर में आयोजित किये जायेंगे। लखनऊ में

रोजगार मेला इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे।

रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री की वचनबद्धता का दर्शाता ह।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज वाराणसी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचय् के 13वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। स्वतंत्रता भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह में श्री प्रधान ने विभिन्न विषयों के एक हजार 954 स्नातकों को डिग्री प्रदान की। वहीं शिक्षा और नेतृत्व में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये 60 असाधारण छात्रों को पदक प्रदान किये। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने संस्थान की शोध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश में हर क्षेत्र में हो रही तरक्की में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्र–छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 तक देश को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिये युवाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जायेगी। बाइट.....

*तीन पूरे विद्यार्थी जिन्होंने समग्र जीवन में कीर्ति की स्थापना कर दी है, उनको भी आज बुला के सम्मान दिया है। लगभग 19सौ से ज्यादा*

*विद्यार्थी को अपना उपलब्धि पत्र और मानद दिया जायेगा और मेरे लिये बहुत सौभाग्य की बात है बीएचयू सदैव एक राष्ट्रीय अनुष्ठान रहा है। आज सबसे ज्यादा मेडल लेने वाला मेरे गृह राज्य का है जो मेरे लिये दोहरा सौभाग्य का है।*

दीक्षांत समारोह में बोर्ड ऑफ गर्वनर के चेयरमैन पद्मश्री डॉ0 कोटा हरि नारायण, संस्थान के निदशक प्रोफेसर अमित पात्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में डिग्रियां और पदक पाने वाले मेधावी विद्यार्थी काफी उत्साहित और खुश नजर आये। बाइट.....

*मेरा नाम तनुजा है और मै आईआईटी बीएचयू से बीटेक कर चुकी हूं। इलेक्ट्रानिक स्ट्रीम से बहुत अच्छा फील कर रही हूं। मेरा आईआईटी बीटेक में कॉन्वोकेट हो रही हूं यह बड़ी बात है मेरी लाइफ के लिये।*

—————————

मेरठ में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा स्वाभिमान सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ0 सोमेन्द्र तोमर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारे क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिये अपनी शहादत दी थी। उनकी इस शहादत से प्रेरणा लेते हुए देश के प्रत्येक नागरिक को देश के विकास में मिल जुल कर अपनी भागीदारो सुनिश्चित करनी चाहिये। बाइट......

*मेरठ क्रांतिकारी की धरती है यहां से ही कोतवाल धर्म सिंह जी जैसे क्रांतिकारी हुए, जिन्होंने अपनी स्वयं की शहीदी देकर के देश में आजादी की*

*चिंगारी दी थी। उनसे प्रेरणा लेकर के हम देश को बनाने के लिये देश को बनाने के लिये और नया भारत भारत बनाने के लिये मोदी जी के संकल्प को साकार करने की कोशिश करे।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कथित रूप से एक युवक की पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु के मामले में मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद रहे। योगेश शुक्ला ने आकाशवाणी को बताया कि मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। बाइट.....

*परिवार को कोई तकलीफ न हो, ये जिम्मेदारी हम लोगों की बनती है। जांच के भी आदेश दे दिये है मजिस्ट्रेटियल जांच होगी। आवास दिया जायेगा, पढ़ाई की व्यवस्था होगी, पत्नी जिस दिशा में आगे बढ़ना चाहेगी व्यापार के क्षेत्र में उनको पूरे तरीके से व्यापार में तत्काल सहयोग दिया जायेगा।*

——————————

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद सभी राजनैतिक दलों ने अपनी गतिविधियां तेज़ कर दी हैं। इन विधानसभा उपचुनाव के 9 सीटों के लिए नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। इन सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को होगा।

——————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धनपूजा और भाईदूज के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व परिवार और समाज के साथ मिलकर एकजुटता प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का अवसर है। उन्होंने उत्सव को मनाते समय पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों के उपयोग का आह्वान किया है।

——————————

प्रदेश सरकार दिवाली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग है। राज्य के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज निर्देश दिए हैं कि धनतेरस पर देर रात तक बाजारों में भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। बाजारों में एंटीरोमियों स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाए।

पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करें।

————————

अयोध्या में तीन दिवसीय दीपोत्सव का आगाज आज से हो गया है। सरयू के विभिन्न घाटों पर 25 लाख से अधिक दीये जलाये जायेंगे। अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गो पर विशेषकर रामपथ का फूलों और रंगबिरंगी बिजली की झालरों से सजाया गया है। दीपोत्सव की शुरूआत आज शाम दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ–साथ सरयू आरती, लेजर और ड्रोन शो के प्रदर्शन के साथ हुई। ड्रोन शो में रामायण कालीन चित्रों का प्रदर्शन किया गया।

————————

वाराणसी में धनतेरस पर्व पर कल सुबह पांच बजे से माता अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन होंगे। माता के दरबार में लगातार पांच दिनों तक सिक्का, धान का लावा रूपी खजाना श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंधन की ओर से मिलेगा। मंदिर प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

————————

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान भ्रष्ट कार्यप्रणालियों के विरूद्ध जागरूकता का प्रसार करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

—————————

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाले रन फॉर यूनिटी का आयोजन इस वर्ष दो दिन पहले कल 29 अक्टूबर को हो रहा है। कल मन की बात कार्यक्रम में इस बात का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेरा आग्रह है कि आप इसमें हिस्सा लेकर एकता और फिटनेस के मंत्र को ज्यादा से ज्यादा फैलाएं।

(समाप्त)